कुर्सी सम्भालते ही महापौर नीरज पाल एक्शन मोड में, कोविड की रोकथाम के लिए बुलाई अहम बैठक, शहर हित के लिए काम करना किया प्रारंभ

भिलाईनगर/ नगर निगम भिलाई में महापौर की कुर्सी सम्भालते ही नीरज पाल एक्शन मोड पर है , शहर के हित के लिए महापौर ने सोचना प्रारंभ कर दिया है। कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए उन्होंने निगम के अधिकारियो तथा चिकित्सको की बैठक ली। बैठक में निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे एवं पार्षद एकांश बंछोर प्रमुख रूप से मौजूद रहे। महापौर नीरज पाल ने कहा कि सभी अधिकारियों से मैं भलीभांति परिचित हूं , पहले भी कोविड की रोकथाम के लिये सभी ने अच्छा काम किया है , टीम वर्क से ही कोरोना को हराने में मदद मिलती है। वर्तमान की सबसे बड़ी और पहली चुनौती कोरोना संक्रमण की रोकथाम करना है। नये वैरिएंट को शहर में पनपने नहीं दिया जायेगा , इसमें सभी शहरवासियो के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने टीकाकरण एवं बच्चो को लगाए जा रहे टीकाकरण का लक्ष्य एवं कितने टीकाकरण हो चुके है इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग से ली और निर्देश दिये कि स्कूल चालू रहते अधिक से अधिक बच्चो का टीकाकरण हो जाये। हेल्थ वर्कर एवं फ्रंट लाईन वर्कर के लिए बूस्टर डोज लगाने के बारे में जानकारी ली। महापौर ने कोविड- 19 की रोकथाम के लिए किए जा रहे हर प्रयासों की जानकारी अधिकारियों से बारी-बारी से ली। इस दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , अधीक्षण अभियंता, यू.के. धूलेन्द्र, उपायुक्त सुनील अग्रहरि, सुपेला अस्पताल प्रभारी डॉ. पियम सिंह , विजय सुजले, हितेन्द्र कोसरे, समस्त जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर नीरज पाल ने कोविड की रोकथाम के लिए पहला फोन अपने कार्यालय से लगाकर कोविड कंट्रोल रूम का शुभारंभ किया। उन्होंने कंट्रोल रूम से कोविड टीकाकरण , कोविड जांच एवं कोविड से बचाव की जानकारी ली। अब भिलाईवासी कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर 07882296212 पर समय सुबह 9:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक कोविड रोकथाम के लिये अधिक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। महापौर नीरज पाल ने शहरवासियो से अपील करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये सभी नागरिको को शासन एवं प्रशासन के दिशा निर्देशो का आवश्यक रूप से पालन करते रहे। कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण अवश्य करावे। कोरोना के लक्षण प्रतीत होने पर शीघ्र अपनी नजदीकी केंद्र में जांच कराये , मास्क धारण कर और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर कोरोना को हराने में निगम प्रशासन का सहयोग करे। कोविड जांच के लिए भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत 04 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 04 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है जहां कोविड जांच कराई जा सकती है इसके अतिरिक्त लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में कोविड जांच की सुविधा है। सीपीएम तुषार वर्मा ने बताया कि लाल बहादूर शास्त्री अस्पताल सुपेला , शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोसानगर , बैकुंठधाम, छावनी एवं खुर्सीपार , प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बापूनगर , वैशालीनगर, जुनवानी, एवं कोहका में कोरोना जांच की सुविधा है। इसके अतिरिक्त 6 मोबाइल टीम के माध्यम से डोर टू डोर तथा बाहर राज्यो से आने वाले व्यक्तियों की कोरोना जांच की जा रही है।